जयराम विद्यापीठ में 5 दिवसीय बगलामुखी महायज्ञ 9 से

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि ब्रह्मसरोवर के तट पर जयराम विद्यापीठ में 5 दिवसीय बगलामुखी महायज्ञ व दो दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के मार्गदर्शन में 9 से 13 नवंबर तक 5 दिवसीय बगलामुखी महायज्ञ होगा। 12 एवं 13 नवम्बर को श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ होगा।

सीएम केजरीवाल ने की मजदूरों को 5,000 रुपए की सहायता की घोषणा

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वायु प्रदूषण के चलते दिल्ली में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध के कारण श्रमिकों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए आज एक बड़ा ऐलान किया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में निर्माण कार्यों में लगे पंजीकृत सभी श्रमिकों को पांच हजार रुपए की वन टाइम आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। सीएम अरविंद केजरीवाल के इस ऐलान से दिल्ली में पंजीकृत हजारों श्रमिक लाभांवित होंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट कर कहा, ''पूरी दिल्ली में प्रदूषण को देखते हुए निर्माण गतिविधियों को रोक दिया गया है। मैंने श्रम मंत्री श्री मनीष सिसोदिया को इस अवधि के दौरान प्रत्येक निर्माण श्रमिक को वित्तीय सहायता के रूप में 5000 रुपए प्रतिमाह देने का निर्देश दिया है, जब निर्माण गतिविधियों की अनुमति नहीं है। दिल्ली सरकार के इस निर्णय से 10 लाख से ज्यादा निर्माण श्रमिकों को फ़ायदा होगा और वित्तीय सहायता के तौर पर उन पर 500 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने पिछले साल भी प्रदूषण के चलते निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध होने के दौरान पंजीकृत 7 लाख से अधिक श्रमिकों को 5-5 हजार रुपए की वन टाइम वित्तीय सहायता दिया था और इस पर करीब 350 करोड़ रुपए खर्च आया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार निर्माण श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलकर खड़ी है। दिल्ली सरकार का कहना है कि श्रमिक हमारे देश के रीढ़ की हड्डी हैं, जो देश को मजबूती प्रदान करते हैं। मजदूर खड़े हैं तो हमारी इमारतें खड़ी हैं। इसलिए श्रमिकों के सम्मान व उनके हितों का ध्यान रखना सरकार की मुख्य प्राथमिकता में है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इसलिए श्रमिकों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए दिल्ली सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने दिल्ली में पंजीकृत सभी निर्माण श्रमिकों को वन टाइम 5-5 हजार रुपए की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है। वित्तीय सहायता देने के लिए जल्द ही फंड जारी किया जाएगा और श्रमिकों को खाते में तत्काल वह राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। दिल्ली में हजारों की संख्या में निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। सरकार के इस फैसले से उन हजारों श्रमिकों को फायदा मिलेगा। गत 30 अक्टूबर को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को देखते हुए निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। दिल्ली सरकार ने सीक्यूएएम के आदेश पर दिल्ली में ग्रेप के तीसरे चरण के अंतर्गत पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली सरकार ने निर्माण कार्यों पर रोक की निगरानी के लिए 586 टीमें बनाई है। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली में 521 वाटर स्प्रिंगलिंग मशीनें, 233 एंटी स्मॉग गन, 150 मोबाईल एंटी स्मॉग से गन पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

प्रदूषण के कारण निर्माण कार्य पर लगी है रोक

दिल्ली सरकार आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी कैंपस का निर्माण करवा रही

केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की शिक्षा नई ऊंचाइयों पर : सिसोदिया

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली : दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की शिक्षा नई ऊंचाइयों पर है और इसी दिशा में राज्य सरकार आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी कैंपस का निर्माण करवा रही है। सिसोदिया ने कैंपस के निर्माण के अंतिम चरण का बुधवार को जायजा लेने के बाद कहा कि इसके तैयार होने के बाद यहाँ लगभग 2400 छात्रों को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन मिल सकेगी। इस कैंपस में वर्तमान कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, डिजाईन एंड इनोवेशन, फायर-मैनेजमेंट, लिबरल आर्ट सहित पांच स्पेशलाइज्ड सेंटर बनाये जा रहे है। इसके साथ ही यहाँ एक वर्ल्ड-क्लास सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण भी किया गया है। कैंपस का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में चल रहा है और जल्द ही ये पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, आठ सालों में हमने दिल्ली सरकार के स्कूलों को शानदार बनाने का काम किया है और आज इसकी चर्चा पूरे विश्व में है। सरकार में आने के बाद उच्च शिक्षा को शानदार बनाना भी हमारी प्राथमिकता थी और इसी का नतीजा है कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हमने दिल्ली सरकार के सभी विश्वविद्यालयों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया, उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया और 25,000 से ज्यादा सीट बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के स्कूल वहां कि बुनियाद को मजबूत बनाने के काम करते है और देश कितनी ऊँचाइयों तक जायेगा ये उसके विश्वविद्यालय तय करते है। केजरीवाल सरकार शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए बुनियाद को मजबूत करने के साथ-साथ देश को नंबर.1 बनाने के क्रम में अपनी यूनिवर्सिटीज के माध्यम से देश को ऊँचाइयों तक ले जाने का काम भी कर रही है।

एनसीआरटीसी ने निर्माण स्थलों के पास वायु प्रदूषण रोकने के लिए प्रयासों को किया तेज

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली : दिल्ली-एनसीआर की मौजूदा बिगड़ती पर्यावरणीय स्थिति को देखते हुए एनसीआरटीसी ने स्थिति से निपटने के लिए अपने प्रयासों को और तेज कर दिया है। आरआरटीएस परियोजना को लागू करने वाली एजेंसी, एनसीआरटीसी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के साथ मिल उनके दिशा-निर्देशों का पालन कर निर्माण कार्यों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए प्रयास करती है। एनसीआरटीसी निर्माण के लिए प्री-कास्ट सेगमेंट का उपयोग कर रही है। प्री-कास्टिंग बेहतर गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए कार्यों के सुरक्षित और तेजी से निष्पादन में मदद करता है, सड़क उपयोगकर्ताओं, राहगीरों, व्यापारियों और निवासियों की असुविधा को कम करता है और वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण में कमी करता है। आरआरटीएस निर्माण स्थलों पर ट्रक वाशिंग प्लांट, स्प्रिंकलर और एंटी-स्मॉग गन इंस्टॉल की गई हैं। निर्माण कार्य से होने वाली धूल और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है और धूल को उड़ने से रोकने के लिए निर्माण स्थल पर पानी के टैंकरों से पानी का निरंतर छिड़काव किया जा रहा है। ऐसे 20 स्प्रिंकलर और 6 एंटी स्मॉग गन आनंद विहार निर्माण साइट पर एक निश्चित ऊंचाई पर लगाए गए हैं। जल छिड़काव के लिए मोबाइल वाहन भी साइट पर तैनात किए गए हैं और भविष्य में इसकी संख्या बढ़ाई भी जाएगी। एनसीआरटीसी निर्माण स्थलों के पास धूल को उड़ने से रोकने के लिए सड़कों की मशीनीकृत/वैक्यूम स्वीपिंग भी करता है और इसकी आवृत्ति तेज कर दी गई है। दरअसल आनंद विहार दिल्ली के प्रमुख परिवहन केंद्रों में से एक है, जहाँ आनंद विहार रेलवे स्टेशन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी, यूपीएसआरटीसी स्टैंड और दो मेट्रो लाइनें मौजूद हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय : नया सत्र शुरू, छात्रों पर बरसाए फूल

मिठाई खिलाकर किया स्वागत

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली : दिल्ली विश्वविद्यालय में बुधवार से प्रथम वर्ष के छात्रों का नया सत्र शुरू हो गया। अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के छात्रों का विश्वविद्यालय परिसर में यह पहला दिन रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न कॉलेजों ने बुधवार को प्रथम वर्ष के बी. ए. प्रोग्राम और बी. कॉम. ऑनर्स बी.कॉम. प्रोग्राम व बीएससी प्रोग्राम के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। ओरिएंटेशन से पूर्व कई कॉलेजों में वरिष्ठ छात्रों ने मिठाई खिलाकर पुष्पों से प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया। बता दें कि दिल्ली विश्वविद्यालय के रेगुलर अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में करीब 80,000 सीटें हैं। इनमें से अधिकांश सीटों पर छात्रों के दाखिले हो चुके हैं। इस वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश

परीक्षा सीयूईटी के माध्यम से दाखिला हुआ है। नई व्यवस्था होने के कारण इस साल प्रथम वर्ष के छात्रों के एडमिशन विलंब से हो रहे हैं। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कॉलेजों के प्रिंसिपल ने छात्रों को कॉलेज लाइफ के महत्व और कॉलेज की विशेषता एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही छात्रों को उनके दायित्व व भविष्य में बेहतर लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हंसराज सुमन ने बताया कि इस दौरान छात्रों से कहा गया कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है और यही मार्ग जीवन में सर्वोत्तम ऊंचाइयों तक ले जाता है। इस दौरान छात्रों को कॉलेज द्वारा किए गए विशेष कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। वहीं छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों के लिए वेलकम फ्रेशर्स अभियान चलाया। इसके तहत छात्रों को टीका लगाकर शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज परिसर में उनका स्वागत किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय में इस बार कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यानी सीयूईटी के माध्यम से दाखिला हुआ है जिसमें अनेक प्रकार की समस्याएं भी आई थी। इसको लेकर अभाविप हेल्पलाइन नंबर जारी कर कुछ चिन्हित स्थानों पर हेल्पडेस्क लगाकर छात्रों की सहायता की थी। अब नामांकन के पश्चात अभाविप छात्रों की सहायता के लिए %वेलकम फ्रेशर्स% अभियान चला रहा है। इसके तहत कॉलेज परिसरों में एकत्र होकर नए छात्रों को तिलक लगा कर एवं मिठाई खिला कर उनका स्वागत किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े व दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष अक्षित दहिया ने बताया, हम सभी दिल्ली विश्वविधालय में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत करते हैं।

हमने प्रवेश प्रक्रिया के दौरान भी हेल्पडेस्क लगाकर छात्रों को सहायता की थी तथा हम दाखिले के बाद भी छात्रों के स्वागत के लिए उपलब्ध होकर स्वागत कर रहे हैं जिसके लिए हमने हर कॉलेज में अपने वोलिंटियर लगाए हैं और हम आगे भी छात्र हित के लिए कैम्पस में ऐसे ही उपलब्ध रहेंगे।÷

संक्षिप्त खबरें

बच्चों व मिड-डे-मील वर्कर्स को जूस किया वितरित

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : राजकीय प्राथमिक विद्यालय लोहार माजरा में सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा बच्चों को एप्पल रियल जूस वितरित किए गए। विद्यालय के मुख्य शिक्षक रणजीत सिंह मुख्यातिथि रहे। उन्होंने विद्यालय के बच्चों व मिड-डे-मील वर्कर्स को सेवा ट्रस्ट यूके इन्डिया की को-स्पोंसर डाबर द्वारा दी गई किट वितरित की। उन्होंने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सेवा ट्रस्ट यूके इण्डिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व सुमंत सैनी का इस सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, जसविंदर कौर, प्रमिला मौजूद रहे।

मनुष्य को हर आश्रय का त्याग कर केवल श्री हरि की शरण में चला जाना चाहिए : आचार्य आनन्द भूषण

पानीपत/कौशिक : श्रीमद् भागवत कथा के आखरी दिन कथा करते हुए आचार्य आनंद भूषण जी महाराज नूरवाला स्थित हरिसिंह कॉलोनी में कथा करते हुए कहा कि मनुष्य को शरीर से कहीं अधिक मन से भक्ति करनी चाहिए क्योंकि मन का जुड़ाव यदि आत्मा से होता है तो और आत्मा का परमात्मा से जुड़ा आसान हो जाता है। महाराज ने बताया कि मन अति चंचल है मन का भक्ति में लगना मुश्किल है संसार का सुख भोगने में मन विचार और कल्पना द्वारा भी सहायता करता है। महाराज ने कहा कि हर मनुष्य को कर्म में विश्वास करना चाहिए क्योंकि यह जगत ही कर्म लोक हैं केवल कर्म ही अपने हाथों में है। महाराज ने कहा कि मनुष्य को हर आश्रय का त्याग कर केवल श्री हरि की शरण में चला जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से उसे सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। मनुष्य को कभी भी अपनी दुर्बलता के कारण अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। इस अवसर पर ओमप्रकाश सैनी, सतीश अग्रवाल, सचिन पाल, मा. मनीष, सुनील कंसल ,मोनू चौहान उपस्थित रहे।

पानीपत रिफाइनरी में हरियाणा दिवस पर समारोह आयोजित

पानीपत/कौशिक : पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स द्वारा रिफाइनरी टाउनशिप के कल्याण केंद्र में 56वें हरियाणा दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह आयोजन समिति हरित समाज ने मुख्य अतिथि एवं उच्च प्रबंधक वर्ग का परंपरागत रूप से तथा गुलाबी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। हरियाणा के आमंत्रित पेशेवर कलाकारों द्वारा हरियाणा संस्कृति से जुड़े गीतों एवं नृत्यों द्वारा समां बांध कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया गया। मुख्य अतिथि एमएल डहरिया ने कहा कि हरियाणा के मेहनतकश किसानों, देश पर मर मिटने वाले वीर जवानों एवं खिलाड़ियों को याद करते हुए उनके द्वारा देश को दिये गए अपार एवं महान योगदान की सरहाना की। उन्होनें कहा कि पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स न केवल हरियाणा पूरे राष्ट्र के विकास की रीढ़ की हड्डी मानी जाती है और आने वाले वर्षों में यह अपने विस्तार के साथ इससे जुड़े अन्य उद्योगों को स्थापित करवाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

कुवि के लूर नृत्य ने हरियाणा दिवस पर राजभवन में किया धमाल

राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ कुवि के कलाकार।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा रत्नावली के अवसर पर लूर नृत्य प्रस्तुत किया गया। लूर की लोकप्रियता को देखते हुए हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा राजभवन में हरियाणा दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुवि के लूर नृत्य ने धमाल किया। इस अवसर पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के महामहिम राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया, मुख्य सचिव संजीव कौशल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वेकटेशन उमाशंकर, अमित अग्रवाल, सचिव राज्यपाल अमित द्विवेदी, उपायुक्त पंचकूला एवं निदेशक कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग महावीर कौशिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से हर वर्ष हरियाणा के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाता है। इसी संध्या में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से तैयार किया गया लूर नृत्य राजभवन के मंच पर प्रस्तुत किया गया। कुरुक्षेत्र विवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि उसकी पूरी टीम द्वारा तैयार किए गए इस नृत्य की हरियाणा में शुरूआत हुई। इससे पूर्व खोडिया, धमाल, घुम्मर, गुग्गा आदि नृत्य की हरियाणा में परंपरा रही है और अब इस कडी में लूर नृत्य भी जुड़ गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की पूरी टीम को लूर नृत्य हरियाणा को प्रदान करने के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने लूर नृत्य के लिए कुवि को दी बधाई

राजभवन में हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित लूर नृत्य को जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देखा तो वो कुवि के लूर नृत्य की प्रस्तुति को देखकर अभिभूत हो उठे। उन्होंने मंच से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पूरी टीम को लूर नृत्य को बचाने के लिए और उसे मंच पर प्रस्तुत करने के लिए विशेष रूप से बधाई दी।

दिल्ली में अवैध शराब की तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी में अवैध शराब की तस्करी के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान किराड़ी निवासी समीर खान के रूप में हुई है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा, टाटा ऐस वाहन में अवैध रूप से शराब ले जाने के संबंध में इनपुट प्राप्त हुए थे, जिसके बाद रोहिणी में एक जाल बिछाया गया और वाहन को रोक दिया गया था। वाहन से अवैध शराब वाले 120 कार्टन बरामद किए गए। रवींद्र सिंह यादव ने कहा, पूछताछ पर वाहन के चालक समीर ने पुलिस को बताया कि वह हरियाणा के बहादुरगढ़ से अवैध शराब खरीदता था और किसी भी संदेह और पुलिस जांच से बचने के लिए, वह देर रात के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते से इसे ले जाता था। यादव ने कहा कि अवैध शराब की आपूर्ति पंजाबी बाग, रघुवीर नगर और मंगोलपुरी इलाकों में की जानी थी।

डिप्टी सीएम की किसान हितैषी नीतियों से किसानों को हो रहा फायदा : प्रो. सिहाग

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

उचाना/नरेन्द्र जेठी : जेजेपी कार्यालय प्रभारी एवं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि इस बार किसानों पर राम भी राजी है और राज तो किसानों पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की किसान हितैषी नीतियों के चलते पहले से ही राजी है। इस बार बंपर फसल की आवक हो रही है। बासमति धान के भाव बीते साल से बढ़े है तो पीआर धान भी किसानों की मंडी में आते ही बिक रही है। इस बार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पीआर धान की खरीद को लेकर ऐसी व्यवस्था बनाई कि किसान अपनी पीआर धान कुछ घंटे में बेचकर घर वापिस चला जाता है। किसान के खाते में 48 घंटे में बेची गई पीआर धान की पेमेंट आने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता एमएसपी खत्म होने के बयान देकर किसानों को गुमराह करते रहे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने साफ खुले मंच से कहा था कि जब तक वो सत्ता में है जब तक फसल का एमएसपी खत्म नहीं होगा। हरियाणा प्रदेश अन्य देशों में सबसे अधिक फसल एमएसपी पर खरीदने वाला प्रदेश है।

नगर पालिका तरावड़ी द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए करवाई फोगिंग

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा : तरावड़ी नगर पालिका द्वारा मंगलवार को डेंगू की रोकथाम के लिए फोगिंग करवाई गई। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में फोगिंग की गई। नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने टीम को नगर पालिका से रवाना किया और कहा कि डेंगू एक खतरनाक बीमारी है, लेकिन हम इसे अपने शहर में पनपने नही देंगे और इसके लिए नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। उन्होंने कहा कि आज उन इलाकों में फोगिंग करवाई गई है जहां से डेंगू फैलने की ज्यादा आशंका है जिनमें तरावड़ी वार्ड-14 से गुजरने वाली ड्रेन व किले के सामने वाले तालाब के आसपास के इलाके में फोगिंग की गई और उसके बाद तरावड़ी में मुख्य बाजारों में फोगिंग का काम शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों तक यह फोगिंग लगातार जारी रहेगी और रोजाना किस इलाके में फोगिंग होगी उसका रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि फोगिंग के अलावा आज तरावड़ी में बेसहारा गायों को पकड़कर गौशाला भेजने का अभियान भी शुरू किया गया है। जिसके तहत आज 12 गौमाताओं को गौशाला भेजा और आने वाले तीन से चार दिन तक रोजाना इतनी ही गायों को पकड़कर गौशाला भेजा जाएगा।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: ग्राउंड फ्लोर, बी-1/4, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ऋ) और ग्रांटर(ऋ) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ऋ)/सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ऋ) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	अरुणेश कुमार मिश्रा (ऋणदाता) ऋण खाता संख्या LHGUR00001301122	प्लाट नं. 337, तृतीय मंजिल, रूफ राईट के साथ, ब्लॉक सी-12, यमुना विहार, दिल्ली-110053	रु. 44,57,511/- 01 नवम्बर 2022	रु. 43,98,975/- रु. 4,39,900/-	23 नवम्बर, 2022 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	02 दिसंबर 2022 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **01 दिसंबर, 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करनेका अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, बी-1/4, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **01 दिसंबर 2022 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, बी-1/4, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058** में **01 दिसंबर , 2022 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृप्या **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या **7021072869** पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: नवम्बर 03, 2022
स्थान: दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड